सामाजिक विज्ञान

कक्षा 8

(राजनीतिक विज्ञान)

अध्याय 7: जनसुविधाएं

To get notes visit our website

mukutclasses.in

अभ्यास के प्रश्न

प्रश्न 1. आपको ऐसा क्यों लगता है कि दुनिया में निजी जलापूर्ति के उदाहरण कम हैं?
उत्तर: क्योंकि जल एक आवश्यक जनसुविधा है और निजी कंपनियाँ सिर्फ लाभ देखती हैं, जिससे असमानता और अराजकता फैल सकती है।

प्रश्न 2. क्या आपको लगता है कि चेन्नई में सबको पानी की सुविधा उपलब्ध है और वे पानी का खर्च उठा सकते हैं? चर्चा करें।

उत्तर: नहीं, चेन्नई में पानी की कमी है। कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त पानी है जबकि गरीब इलाकों में पानी की भारी कमी रहती है।

प्रश्न 3. किसानों द्वारा चेन्नई के जल व्यापारियों को पानी बेचने से स्थानीय लोगों पर क्या असर पड़ रहा है? क्या आपको लगता है कि स्थानीय लोग भूमिगत पानी के इस दोहन का विरोध कर सकते हैं? क्या सरकार इस बारे में कुछ कर सकती है?
उत्तर: किसानों द्वारा पानी बेचने से जल स्तर गिरा है। स्थानीय लोग विरोध कर सकते हैं और सरकार इस पर रोक लगाने के लिए कदम उठा सकती है।

प्रश्न 4. ऐसा क्यों है कि ज्यादातर निजी अस्पताल और निजी स्कूल कस्बों या ग्रामीण इलाकों की बजाय बड़े शहरों में ही हैं?
उत्तर: क्योंकि शहरों में अच्छी आमदनी, बेहतर सुविधाएँ और तेज़ जीवनशैली है, जो निजी संस्थानों के लिए फायदेमंद है।

प्रश्न 5. क्या आपको लगता है कि हमारे देश में जनसुविधाओं का वितरण पर्याप्त और निष्पक्ष है? अपनी बात के समर्थन में एक उदाहरण दें।
उत्तर: नहीं, जैसे दिल्ली में सुविधाएँ अधिक हैं जबकि मथुरा जैसे शहरों में इनकी भारी कमी है।

प्रश्न 6. अपने इलाके की पानी, बिजली आदि कुछ जनसुविधाओं को देखें। क्या उनमें सुधार की कोई गुंजाइश है? आपकी राय में क्या किया जाना चाहिए? इस तालिका को भरें।

	क्या यह उपलब्ध है?	**उसमें कैसे सुधार लाया जाए?**
पानी	**हां**	पानी को साफ किया जा सकता है।
बिजली	**हां**	नंगी तारों को बदल सकते हैं।
सड़क	**हां**	सड़क के गड्ढे भर सकते हैं।
सार्वजनिक परिवहन	**नहीं**	छोटे सार्वजनिक वाहन चला सकते हैं

प्रश्न 7. क्या आपके इलाके के सभी लोग उपरोक्त जनसुविधाओं का समान रूप से इस्तेमाल करते हैं? विस्तार से बताएँ।
उत्तर: नहीं, मेरे इलाके के सभी लोग जनसुविधाओं का समान रूप से इस्तेमाल नहीं कर पाते। अमीर लोगों को बेहतर जल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ मिलती हैं, जबकि गरीब वर्ग को इन सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

MIKUTclasses

प्रश्न 8. जनगणना के साथ-साथ कुछ जनसुविधाओं के बारे में भी आँकड़े इकट्ठा किए जाते हैं। अपने शिक्षक के साथ चर्चा करें कि जनगणना का काम कब और किस तरह किया जाता है।
उत्तर: हर 10 साल में सरकारी कर्मचारी घर-घर जाकर प्रश्नावली से आँकड़े इकट्ठा करते हैं और पुराने आँकड़ों को हटाकर नए प्रकाशित किए जाते हैं।

प्रश्न 9. हमारे देश में निजी शैक्षणिक संस्थान स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान बड़े पैमाने पर खुलते जा रहे हैं। दूसरी तरफ सरकारी शिक्षा संस्थानों का महत्त्व कम होता जा रहा है। आपकी राय में इसका क्या असर हो सकता है? चर्चा कीजिए।
उत्तर:सरकारी संस्थानों का महत्व घटेगा और गरीब वर्ग महँगी फीस के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाएगा।

MUKUTclasses